प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

13 मई 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने डॉ. राजीव रंजन को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 02 मई 2022 से डॉ. राजीव रंजन को कार्यपालक निदेशक (का.नि.) के रूप में नियुक्त किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व, डॉ रंजन मौद्रिक नीति विभाग के प्रभारी परामर्शदाता और मौद्रिक नीति समिति के सचिव के रूप में कार्यरत थे।

डॉ. रंजन को मौद्रिक नीति, राजकोषीय नीति, वस्तु क्षेत्र, बाह्य क्षेत्र और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों सहित समष्टि आर्थिक नीति और अनुसंधान में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने मौद्रिक नीति विभाग, आर्थिक नीति और अनुसंधान विभाग, बाह्य निवेश और परिचालन विभाग तथा अंतर्राष्ट्रीय विभाग सहित आरबीआई के विभिन्न विभागों में काम किया है। उन्होंने तीन वर्ष तक सेंट्रल बैंक ऑफ ओमान में आर्थिक नीति विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, डॉ. रंजन मौद्रिक नीति विभाग (एमपीडी) का कार्यभार संभालेंगे।

डॉ. रंजन मौद्रिक नीति समिति के पदेन सदस्य के रूप में भी कार्य करेंगे।

डॉ. रंजन ने मुंबई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएच.डी. और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/211